आकाशवाणी शिमला
30.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मतदान किया। प्रधानमंत्री ने इसके लिए चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने सभी को सोशल मीडिया पर हैशटैग प्लांट फॉर मदर और हैशटैग एक पेड़ मां के नाम के साथ अपनी तस्वीरें साझा करके माता के प्रति स्नेह व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाएं गए। योग के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया। प्रधानमंत्री ने अगले महीने आयोजित होने वाले पेरिस ओलिंपक के लिए भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र की धार, भटेहड़, मसरूर, घंगड़ सहित अन्य स्थानों में कांग्रेस प्रत्याशी और उनकी धर्म पत्नी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य भाजपा नेताओं पर झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता पहले प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा करते रहे और अब भाजपा की सरकार बनने की नई–नई तारीख देकर हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक होशयार सिंह को देहरा की जनता को बताने को कहा कि उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा क्यों दिया और दोबारा विधायक बनने के लिए अब क्यों चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने भाजपा नेता पर उप–चुनाव का अनावश्यक बोझ डालने का आरोप भी लगाया।

प्रचार

हमीरपुर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार पर 18 महीने में रिकार्ड कर्ज लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर 85 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका है और अगले वित्तीय वर्ष से पहले ही कर्ज का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब होने के लिए मुख्यमंत्री को जिम्मेवार बताया।

आपराधिक कानून

तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का

लक्ष्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इस विषय पर गहन चर्चाएं और विश्लेषण किए गए हैं।

आपदा

प्रदेश में बरसात के दौरान किसी भी संभावित नुकसान से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन ने तैयारियां पूरी कर ली है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव ओंकार चंद शर्मा ने बताया कि बीते वर्ष प्रदेश में मॉनसून ने भंयकर तबाही मचाई थी। ऐसे में इस बार आपदा प्रबंधन अलर्ट मोड में है और प्राधिकरण द्वारा सभी विभागों को सभी स्थितियों में तैयार रहने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस वर्ष मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश में मॉनसून के सामान्य और सामान्य से कम रहने की संभावना जताई गई है लेकिन किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशासन और सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित स्थिति के लिए में एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ, पुलिस और होमगार्ड के जवानों की दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तैनाती की गई हैं।

....